PREP RHYMES (CYCLE 4)-HINDI

देश की शान

contributed
Harshit C

हम नन्हे मुन्हे बच्चे हैं,
दाँत हमारे कच्चे हैं,
हम भी सरहद जायेंगे,
सीने पे गोली खायेंगे,
मर जायेंगे, मिट जायेंगे,
देश की शान बढ़ायेंगे,
देश की शान बढ़ायेंगे ।

बन्दर ने खोली दुकान

बन्दर ने खोली दुकान
नाई का लाया सामान।
कुर्सी पर जा बैठा काला
कुत्ता लम्बे बालों वाला
कैंची को कंधो में लेकर बन्दर
लगा काटने बाल सभंल कर।

होली आई, होली आई,
रंग बिरंगी होली आई।
धूम मचाती होली आई,
घर घर में खुशियाँ लाई।
बच्चों की यह टोली आई,
हाथ में पिचकारी लाई।
रंग गुलाल उड़ाती आई,
होली आई, होली आई।


एक चिड़िया के बच्चे चार
एक चिड़िया के बच्चे चार,
घर से निकले पंख पसार।
पूरब से पश्चिम को जाएँ,
उत्तर से दक्षिण को आएँ।
घूम-घाम जब घर को आएँ,
मम्मी को एक बात सुनाएँ।
देख लिया हमने जग सारा,
अपना घर है सबसे प्यारा।